**Ministry of Skill Development and Entrepreneurship (MSDE)**

**Monthly Summary for the month of August, 2019**

**Important events for the month of August, 2019 are as follows:**

(a) The Indian Team comprising of 48 members participated in 44 Skills in the 45th WorldSkills Competition held in Kazan, Russia from 22nd to 27th August, 2019 wherein more than 1,350 Competitors from 63 countries and regions competed in 56 Skills to win prestigious medals. The Indian team gave their best ever performance by winning 19 Medals and Medallions of Excellence (one Gold, one Silver and two Bronze) and ranked 13th among all participating nations. Further, Hon'ble Minister, SDE also urged nations to leverage India's demographic dividend for strengthening their respective economies at the Ministers' Summit held during the WorldSkills Competition.

(b) A Campaign for 4th edition of National Entrepreneurship Awards (NEA) 2019 was launched by Hon'ble Minister, SDE at Ambedkar International Centre, New Delhi on 8th August, 2019. Under this edition, a total of 45 Awards will be conferred to the entrepreneurs in two categories: 39 Awards in Enterprise Track and 6 Awards in Ecosystem Builder. This is the 4th edition of NEA which is scheduled to be held on 9th November, 2019.

(c) A meeting was held on 27th August, 2019 between Secretary, MSDE and officials from J&K Government on ways to improve the Skill Development Ecosystem in the State. Many key issues were discussed like update on the progress of the ITI and Jammu and Kashmir State Skill Development Mission (JKSSDM), proposal on establishment of Heritage Skill Development Institute, State proposal for India International Skill Centres (IISC) to help meet the increasing demand for skilled work force in the international job market and other issues.

(d) A meeting was organized between MSDE and Domestic Worker Sector Skill Council (DWSSC). Key points discussed in the meeting include: Pilot project between DWSSC and Jan Shikshan Sansthan (JSS), to evaluate the possibility of conducting assessment for DWSSC job roles through the Domestic Worker Sector Skill Council; allocation of additional Pradhan Mantri Kaushal Vikas Yojana (PMKVY) RPL physical targets (i.e. 90,000) after submission of pending impact assessment of already approved four projects; apprise States to encourage their training providers to undertake training in DWSSC job roles, etc.

(e) The 23rd Meeting of National Skills Qualifications Committee (NSQC) was held on 22nd August, 2019 at New Delhi. One of the main functions of the Committee is to grant approval to the qualifications in order to align them to National Skill Qualification Framework (NSQF). A total of 492 Qualifications were approved and 25 Qualifications requiring some additional compliances were granted conditional approval by the committee subject to fulfilment of requirements within stipulated time.

(f) A dashboard has been created on NIC Darpan platform, providing a concurrent progress tool for Schemes and Programs being implemented by MSDE.

(g) The continuation of the Scheme "Skill Development in 47 Districts Affected by LWE" has been approved by Ministry of Finance upto 31st March 2020 subject to the

conditions that funds would be released only for ongoing projects and that no new projects should be sanctioned during the extended period.

(h) Progress made under Skills Strengthening for Industrial Value Enhancement (STRIVE) project during the month of August 2019:- 73 ITIs from 10 States/UTs signed tripartite agreement to participate in the programme. Till date a total of 102 ITIs have signed Performance based grant agreement; Video Conferences were conducted with 16 states to facilitate registration of state societies under PFMS, training on EAT module and transfer of funds from Treasury; Video Conferences were organized and field visits were made for selected Industry clusters under the STRIVE project to support them in preparation of Industry Apprentice Initiative (IAI) Plan; two Stakeholders consultative meetings were organized for revamping Computer Operator and Programming Assistant(COPA) and Cosmetology course; Project Steering Committee meeting of STRIVE was held to review the progress and resolve implementation issues.

(i) The officials of National Skills Training Institutes (NSTIs) participated in a two-days workshop organized by NSDC on 5$^{th}$ - 6$^{th}$ August 2019 regarding Joint Certification for Training of Trainers (TOT) program being implemented at NSTIs as per the new guidelines developed in collaboration with Singapore Polytechnic. This is one of initiatives taken up by MSDE for convergence of long term and short term skilling ecosystem.

(j) A stake holder consultation for strengthening certification system for trainers by Directorate General of Training (DGT), MSDE was held on 27$^{th}$ August, 2019 in Delhi with the objective to encourage transition from ozone depleting substances (ODC) to non ODC in Refrigeration and Air Conditioning (RAC) service sector in the country.

**<u>कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई)</u>**

**अगस्त, 2019 माह के लिए मासिक सारांश**

**<u>अगस्त, 2019 माह की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्नानुसार है:</u>**

(क) 48 सदस्यों वाले भारतीय दल ने 22 से 27 अगस्त 2019 के दौरान कजान, रूस में आयोजित 45वीं विश्व कौशल प्रतियोगिता में 44 कौशलों में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में 61 देशों और क्षेत्रों के 1350 से अधिक प्रतियोगियों ने प्रतिष्ठित मेडल जीतने के लिए 56 कौशलों में प्रतिस्पर्धा की। भारतीय दल ने 19 मेडलों और पदक (एक स्वर्ण, एक रजत और दो कास्य) जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी प्रतिभागी देशों में 13वां स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा माननीय मंत्री, एसडीई ने विश्व कौशल प्रतियोगिता के दौरान आयोजित मंत्रियों के सम्मेलन में अपने-अपने क्षेत्रों में भारतीय जनांकिकीय लाभ और सुदृढ़ीकरण में वृद्धि करने के लिए अपील भी की।

(ख) राष्ट्रीय उद्यमशीलता पुरस्कार (एनईए) 2019 के चौथे आयोजन के अभियान को माननीय मंत्री, एसडीई ने 8 अगस्त, 2019 को अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र, नई दिल्ली में प्रारंभ किया। इस आयोजन के अंतर्गत दो श्रेणियों में उद्यमियों को कुल 45 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे: 39 पुरस्कार उद्यम ट्रेक में और 6 पुरस्कार ईको-सिस्टम निर्माण में। यह एनईए का चौथा समारोह है जो 9 नवंबर, 2019 को आयोजित किया जाएगा।

(ग) सचिव, एमएसडीई और जम्मू तथा कश्मीर सरकार के अधिकारियों के बीच 27 अगस्त, 2019 को राज्य में कौशल विकास ईको-सिस्टम में सुधार करने के तरीकों पर एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जम्मू तथा कश्मीर में आईटीआई और राज्य कौशल विकास मिशन (जेकेएसएसडीएम) की प्रगति, विरासत कौशल विकास संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव, अंतर्राष्ट्रीय रोजगार बाजार और अन्य मुद्दों में कुशल कार्य बल के लिए बढ़ती मांग को पूरा करने में सहायता करने के लिए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय कौशल केंद्रों (आईआईएससी) के लिए राज्य प्रस्ताव जैसे मामलों पर चर्चा की गई थी।

(घ) एमएसडीई और घरेलू कामगार क्षेत्र कौशल परिषद (डीडब्ल्यूएसएससी) के बीच एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में विचार-विमर्श के मुद्दों में शामिल थे: घरेलू कामगार क्षेत्र कौशल परिषद के माध्यम से डीडब्ल्यूएसएससी जॉब रोलों के लिए आकलन करने की संभावना के मूल्यांकन के लिए डीडब्ल्यूएसएससी और जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) के बीच प्रायोगिक परियोजना; चार परियोजनाओं के

लिए पहले से अनुमोदित लंबित प्रभाव आकलन को प्रस्तुत करने के पश्चात प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) आरपीएल के अतिरिक्त वास्तविक लक्ष्यों (अर्थात 90,000) का आवंटन; डीडब्ल्यूएसएससी जॉब रोलों में प्रशिक्षण चलाने के लिए प्रशिक्षण प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने हेतु राज्यों का मूल्यांकन आदि।

(ङ) राष्ट्रीय कौशल अर्हता समिति (एनएसक्यूसी) की 23वीं बैठक नई दिल्ली में 22 अगस्त, 2019 को आयोजित की गई थी। इस समिति के मुख्य कार्यों में से एक कार्य राष्ट्रीय कौशल अर्हता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के अनुरूप करने के लिए अर्हताओं को अनुमोदन प्रदान करना था। निर्धारित समय सीमा में अपेक्षाओं को पूरा करने की शर्त पर समिति द्वारा कुल 492 अर्हताओं को अनुमोदित किया गया और 25 अर्हताओं के लिए अपेक्षित कुछ अतिरिक्त अनुपालन प्रक्रियाओं को मंजूरी प्रदान की गई।

(च) एनआईसी दर्पण प्लेटफॉर्म पर एक डेशबोर्ड बनाया गया है जिसमें एमएसडीई द्वारा कार्यान्वित की जा रही स्कीमों और कार्यक्रमों के लिए मौजूदा प्रगति टूल दिए गए हैं।

(छ) वित्त मंत्रालय द्वारा 31 मार्च, 2020 तक वामपक्ष उग्रवाद प्रभावित 47 जिलों में कौशल विकास स्कीम को इस शर्त पर जारी रखने का अनुमोदन किया है कि निधियां केवल चल रही परियोजनाओं के लिए ही जारी की जाएंगी और विस्तार अवधि के दौरान किसी नई परियोजना को स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

(ज) अगस्त 2019 माह के दौरान औद्योगिक मूल्य संवर्धन के लिए कौशल सुदृढ़ीकरण के अंतर्गत हुई प्रगति:- 10 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के 73 आईटीआई ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए त्रिपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए। अब तक कुल 102 आईटीआई ने निष्पादन आधारित अनुदान समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं; पीएफएमएस के अंतर्गत राज्य समितियों के पंजीकरण, ईएटी मॉड्यूल पर प्रशिक्षण और कोषागार से निधियों का अंतरण करने के लिए 16 राज्यों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की गई; उद्योग शिक्षु पहल (आईएआई) योजना तैयार करने में सहायता करने के लिए स्ट्राइव परियोजना के अंतर्गत चुनिंदा उद्योग क्लस्टरों का क्षेत्र दौरा किया गया और उनके साथ वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की गई; कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (सीओपीए) तथा कास्मेटोलॉजी पाठ्यक्रम के लिए दो हितधारकों के साथ परामर्शी बैठकें की गईं; प्रगति की समीक्षा करने और कार्यान्वयन संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए स्ट्राइव की परियोजना संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई।

(झ) सिंगापुर पॉलीटेक्निक के सहयोग से विकसित किए गए नए दिशा-निर्देशों के अनुसार एनएसटीआई में कार्यान्वित किए जा रहे प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम के लिए संयुक्त प्रमाणन से संबंधित एनएसडीसी द्वारा 5-6 अगस्त

2019 को आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) के अधिकारियों ने भाग लिया। दीर्घावधि और अल्पावधि कौशलीकरण ईको-सिस्टम के अभिसरण के लिए एमएसडीई द्वारा की गई पहलों में से यह एक पहल है।

(ञ) देश में रेफ्रिजरेशन और एअर कंडीशनिंग (आरएसी) सेवा क्षेत्र में ओजोन शोषक पदार्थो (ओडीसी) से गैर ओडीसी में परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिल्ली में 27 अगस्त, 2019 को प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी), एमएसडीई द्वारा प्रशिक्षकों के लिए प्रमाणन प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए हितधारक परामर्श आयोजित किया गया था।